हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर |

06 नवमी पर श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन, मंदिरों में रही भक्तों...



08 स्वामित्व रजिस्ट्री में तेजी लाएं, एसडीएम व तहसीलदार करें ...



हर्बल पार्क नर्मदा कुंड के पास पुलिस टेंट के पीछे की गई पार्किंग व्यवस्था

हर्बल पार्क में प्रतिमा विसर्जन के लिए रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था, तय मार्गों से ही पहुंचेंगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में दशहरे पर प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है। सभी समितियां निर्धारित स्थल पर ही विसर्जन करेंगी।

हर्बल पार्क स्थित नर्मदा घाट पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था निर्धारित की गई है। इसके तहत प्रतिमा विसर्जन के लिए आने वाले वाहनों के प्रवेश एवं वापसी के लिए अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं।

साथ ही पार्किंग की व्यवस्था भी निर्धारित स्थल पर की गई है। पुलिस ने श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों से यातायात नियमों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

गाइडलाइन

- चालकों से यातायात नियमों और निर्देशों का पालन करने की अपील



निर्धारित मार्ग से पहुंचेंगे विसर्जन वाहन

मालाखेड़ी एवं माखन नगर मार्ग से आने वाले प्रतिमा विसर्जन वाहनों को जेल तिराहा से पीपल चौक होते हुए निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ना होगा। वहीं, अन्य मार्गों से आने वाले वाहन कोठी बाजार से पीपल तिराहा, कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार, दाहिनी ओर फॉरेस्ट ऑफिस, पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे, हर्बल पार्क के सामने तथा कलेक्ट्रेट के पीछे से निर्धारित प्रवेश मार्ग होते हुए हर्बल पार्क स्थित नर्मदा घाट के कृत्रिम विसर्जन कुंड तक पहुंचेंगे।

पुलिस टेंट के पीछे होगी पार्किंग व्यवस्था

मूर्ति विसर्जन के लिए आने वाले वाहनों की पार्किंग हर्बल पार्क नर्मदा कुंड के पास पुलिस टेंट के पीछे निर्धारित की गई है। नर्मदा तट पर पार्किंग स्थल की सीमित क्षमता और विसर्जन वाहनों की संभावित अधिक संख्या को देखते हुए श्रद्धालुओं से सामूहिक वाहनों में ही प्रतिमाएं लाने की अपील की गई है। यदि किसी कारणवश व्यक्तिगत वाहन से प्रतिमा लाना आवश्यक हो, तो वाहन को घाट क्षेत्र में अनावश्यक रूप से अधिक समय तक खड़ा न रखें, ताकि अन्य श्रद्धालुओं एवं वाहनों के आवागमन में परेशानी न हो। साथ ही नागरिकों से व्यवस्था बनाने की अपील भी की।

विसर्जन के बाद इस मार्ग से होगी वापसी

प्रतिमा विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी के लिए हर्बल पार्क नर्मदा घाट से कलेक्ट्रेट के पिछले द्वार होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर से मुख्य द्वार तक का मार्ग निर्धारित किया गया है। यहां से वाहन बाहर निकलकर आगे अपने निर्धारित वापसी मार्ग से जा सकेंगे। कलेक्ट्रेट का मुख्य द्वार विसर्जन के बाद लौटने वाले वाहनों के लिए एकांगी मार्ग रहेगा। निर्धारित प्रवेश मार्ग पर केवल प्रवेश की अनुमति होगी तथा वहां से वापसी प्रतिबंधित रहेगी।

कृत्रिम विसर्जन कुंड में ही करें प्रतिमाओं का विसर्जन

नर्मदा नदी की स्वच्छता और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर्बल पार्क नर्मदा घाट पर मां नर्मदा के जल से निर्मित कृत्रिम विसर्जन कुंड की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से प्रतिमाओं का विसर्जन इसी निर्धारित कृत्रिम कुंड में करने की अपील की है। नर्मदापुरम पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित प्रवेश एवं वापसी मार्गों, पार्किंग व्यवस्था और विसर्जन संबंधी निर्देशों का पालन करने तथा पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि सभी के सहयोग से प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, सुगम, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जा सकेगा।

कचरे में आग लगाने वाले पेट्रोल पंप पर 10 हजार का भारी जुर्माना

सीएमओ ने किया नगर का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के सख्त निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। सोमवार अलसुबह मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा अमले के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गंदगी फैलाने, सड़क पर कचरा फेंकने और नियमों की अनदेखी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार का अर्थदंड वसूला गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्री देशमुख के साथ स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी अधिकारी अनुराग तिवारी, सतीष यादव, अतिक्रमण दल के सदस्य शेख सिकंदर, सतीश रघुवंशी और स्वच्छता पर्यवेक्षक कमलेश तिवारी समेत पूरा अमला मौजूद रहा।

अतिक्रमण दल के सदस्य शेख सिकंदर ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान मुल्लाजी पेट्रोल पंप परिसर के पास कचरे में आग लगाए जाने का मामला सामने आया। पर्यावरण और स्वच्छता नियमों के विरुद्ध इस गंभीर लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप प्रबंधन पर 10,000 रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया।

सीएमओ की इस सख्त कार्रवाई से शहर के दुकानदारों और फल-सब्जी विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। सड़क पर गंदगी फैलाने पर दो मोबाइल दुकानों पर 1,000-1,000 रुपए का जुर्माना किया गया।

डोलरिया में किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक, नरवाई प्रबंधन पर दिया जोर



नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशों के अनुपालन में किसानों की समस्याओं के निराकरण और कृषि कार्यों में सुगमता के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान संगठनों, किसानों, बेलर संचालकों, कस्टम हायरिंग सेंटर और हार्वेस्टर संचालकों के साथ चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार डोलरिया, नायब तहसीलदार डोलरिया, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विद्युत विभाग के लाइन इंचार्ज, क्रांतिकारी किसान मजदूर संघ और भारतीय किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नरवाई प्रबंधन के लिए प्रभावी उपाय अपनाने पर जोर दिया गया। किसानों को नरवाई न जलाने, बेलर मशीन और एसएमएस अटैचमेंट युक्त हार्वेस्टर का उपयोग करने तथा कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से कृषि यंत्रों का आपसी समन्वय से उपयोग कर फसल अवशेषों का समुचित प्रबंधन करने की समझाइश दी गई।

महानवमी पर बूढ़ी माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हुआ विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महानवमी के पावन अवसर पर मालवीयगंज स्थित श्री बूढ़ी माता मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां बूढ़ी माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सुबह से लेकर रात 9 बजे तक मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि महानवमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम को मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में हवन-पूजन किया गया। इसके बाद पूर्णाहुति संपन्न हुई और महाआरती का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे आरती के पश्चात कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।



भंडारे में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण की बेहतर व्यवस्था की गई थी। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गईं, जिससे प्रसाद वितरण सुचारू रूप से संपन्न हुआ। महिलाओं को समिति की महिला सदस्यों ने तथा पुरुषों को समिति के पुरुष सदस्यों ने प्रसाद वितरित किया।



जिले में जगह-जगह हुए हवन-पूजन और भंडारे

नवमी पर श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन, मंदिरों में रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

दुर्गा नवमी पर शहर के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। माता शेरावाली को मनाने के लिए हजारों लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन की। जगह-जगह हवन भंडारे का आयोजन करके कन्याभोज करवाया गया। मंदिरों में दुर्गा नवमी पर्व पर सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। कोठीबाजार, सदर, टिकारी, कालापाठा, गंज सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही पूजन-अर्चना करने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। यही क्रम शाम तक चलता रहा। दुर्गा नवमी पर्व पर महिलाओं ने माता शेरावाली का पूजन-अर्चन करके भोग चढ़ाया तथा सुहागिन महिलाओं ने माता को हरी चुड़ी और चुनरी चढ़ाई। शहर में सैकड़ों जगह सुख शांति और समृद्धि के लिए हवन तथा भंडारे का आयोजन किया गया। सार्वजनिक दुर्गा पंडालों के अलावा घरों में भी आहूतियां डाली गई। जिससे शहर में धर्ममय एवं सारा वातावरण हवनकुंड के धुंए से पवित्र हो गया।

घरों में हुआ कन्या पूजन और भोजन

दुर्गा नवमी पर शहर के अधिकांश घरों में कन्या भोजन का आयोजन किया गया। माता के प्रतीक रूप में माने जाने वाली कन्याओं का घर-घर पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम कन्याओं के पैर पखार कर उन्हें तिलक लगाया और खीर पुड़ी का भोजन करवाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अपने सामथ्र्य के अनुसार कन्याओं को उपहार भेंट किये। इसके अलावा दुर्गा अष्टमी पर भी कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज के पहले लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माताराणी को चुनरी अर्पित की।

कई स्थानों पर हवन पूजन और भंडारे

सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में दुर्गा नवमी पर हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। माता मां मंदिर सहित अन्य स्थानों पर महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने शारदेय नवरात्रि में जगत-जननी माताराणी को विराजित कर नौ-दिनों तक अपने सामथ्र्य के अनुसार उपासना की। पिछले नौ दिनों से श्रद्धा-भक्ति के साथ उपासना में लीन श्रद्धालुओं द्वारा लगातार आदिशक्ति मां दुर्गे की सेवा का सिलसिला चलायमान था और जैसे-जैसे पर्व समाप्ति की ओर बढ़ रहा था वैसे-वैसे भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था।

दशहरे पर्व को लेकर शहर का ट्रैफिक प्लान तैयार

दोपहर से भारी वाहनों की एंट्री बंद, तीन जगह पार्किंग की व्यवस्था



बैतूल। दशहरा पर्व पर आज 20 अक्टूबर को बैतूल शहर की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में दशहरा आयोजन और सदर बाजार क्षेत्र में रावण दहन को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन, वाहन प्रतिबंध और पार्किंग की व्यवस्था तय की है। दोपहर 12 बजे से निर्धारित मार्गों पर भारी और मध्यम वाहनों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आयोजन के दौरान कुछ मार्ग नॉन-व्हीकल जोन भी रहेंगे। 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कॉलेज चौक से अंबेडकर चौक सडक मार्ग और गुप्ता मॉल, गंज से टर्फ हॉकी स्टेडियम (ईएम हुसैन) पेट्रोल पंप सडक मार्ग पर भारी वाहन, मध्यम वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रतिबंधित रहेंगे। जिला प्रशासन की ओर से भारी और मध्यम वाहनों पर पहले से लागू प्रतिबंध भी प्रभावी रहेंगे। दशहरा आयोजन के दौरान अधिकृत वाहनों को छोडकर अन्य वाहनों का प्रवेश अंबेडकर चौक से कॉलेज चौक तक, गुप्ता मॉल से शिवाजी चौक तक, शिवाजी चौक से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस तक, शिवाजी चौक से गंज जाने का रास्ता,कोठी बाजार की ओर से गंज जाने वाले वाहन मुर्गी चौक से कॉलेज चौक होते हुए एलआईसी बिल्डिंग की ओर जा सकेंगे। दूसरा विकल्प मुल्ला पेट्रोल पंप से अंबेडकर चौक, चौपाटी और मैकेनिक चौक होते हुए गंज जाने का रहेगा।

अंबेडकर चौक से आमला-हमलापुर जाने वाले वाहन: दर गेंदा चौक की ओर से पुलिस पेट्रोल पंप होकर आमला, हमलापुर चौक और विकास नगर जाने वाले वाहन अंबेडकर चौक से जिला अस्पताल के सामने, बस स्टैंड, कोठी बाजार, थाना चौक और कमानी गेट होते हुए कॉलेज चौक की ओर जा सकेंगे। गंज क्षेत्र से कोठी बाजार जाने वाले वाहन ताहा फ्लेक्स से रेड रोज स्कूल होते हुए जेएच कॉलेज मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। वहीं दशहरा आयोजन में आने वाले नागरिकों के वाहनों के लिए तीन पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें शनि मंदिर के सामने पुलिस लाइन, नगर पालिका बैडमिंटन हॉल एवं शहीद भवन और पुलिस पेट्रोल पंप के साइड में पुलिस लाइन शामिल हैं।

आकर्षक लाइटिंग और आतिशबाजी होगी, नहीं बजेगा डीजे

विजयदशमी आजः 50 फीट का रावण व 45 फीट कुंभकरण के जलेंगे पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आज मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के दौरान 55 फीट ऊंचे रावण और 50 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति के आयोजन में इस बार राम-रावण युद्ध का मंचन भी होगा। समिति ने मुख्य कार्यक्रम में डीजे का इस्तेमाल नहीं करने का निर्णय लिया है। इसकी जगह पारंपरिक माइक और हॉर्न लगाए गए हैं। सोमवार को स्टेडियम में रावण और कुंभकरण के पुतले तैयार कर खड़े कर दिए गए हैं। इस बार पुतलों के चेहरे, कान और तलवार पर विशेष लाइटिंग की गई है। शाम ढलने के साथ ही रोशनी से सजे पुतले आकर्षण का केंद्र बनेंगे। कार्यक्रम में रंगीन आतिशबाजी भी की जाएगी। रामलीला की प्रस्तुति गणेश रामलीला मंडल, मऊगंज-रीवा के कलाकार देंगे। मंचन में राम-रावण युद्ध के साथ लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाद वध और कुंभकरण वध जैसे प्रसंग भी शामिल रहेंगे। युद्ध के प्रसंग के बाद रावण और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। आयोजन समिति ने इस बार डीजे के बजाय पारंपरिक माइक और हॉर्न की व्यवस्था की है। इससे रामलीला और युद्ध मंचन की आवाज दर्शकों तक पहुंचाई जाएगी। आयोजन में पिछले पांच दशक से लाइट-साउंड की व्यवस्था संभाल रहे अकबर भाई इस बार भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

आशीष सोनू राठौर बने नगर अध्यक्ष



भैंसदेही। युवा आशीष सोनू राठौर को बजरंग सेना का भैंसदेही नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर आशीष सोनू राठौर ने रणवीर पटेरिया एवं बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष राहुल रघुवंशी एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल एवं समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। पूर्ण रूप से राष्ट्रहित, समाज हित, धर्महित के लिए सदैव अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करूँगा और अपनी एक नई टीम बनाकर बैतूल में बजरंग सेना को मजबूत बनायेंगे। गौ माता की रक्षा करेंगे।

राजडोह घाट पर आज और कल होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा



सारनी। तवा नदी के राजडोह घाट पर मां दुर्गा, महाकाली, माता सरस्वती एवं शंकर भगवान प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाएं की गई हैं। सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे एवं अधिकारियों की टीम ने तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा, महाकाली, शंकर भगवान एवं माता सरस्वती प्रतिमाओं का विसर्जन तवा नदी के राजडोह घाट पर किया जाएगा। नगर पालिका ने तैयारियों को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। सोमवार 19 अक्टूबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे, उपयंत्री कमलेश पटेल, विनाय बागड़े समेत अन्य अधिकारी राजडोह घाट पहुंचे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि विसर्जन स्थल पर लाइटिंग सतत व्यवस्था रहें। उन्होंने पेयजल, बैठक एवं अन्य व्यवस्थाएं चुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर तैनात किए गए अधिकारी, कर्मचारी समय से पहुंचकर अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें। आगामी 20 एवं 21 अक्टूबर को राजडोह घाट पर प्रतिमा विसर्जन होगा। शासन के निर्देशानुसार प्रतिमा विसर्जन हेतु सुगम व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। इसके तहत राजडोह घाट पर हाईड्रा केन, गोताखोरों की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

आशुतोष गुगनानी की पुस्तक का विमोचन कांस्टिट्युशन क्लब दिल्ली में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल के आशुतोष गुगनानी आईआईएम मुंबई, की पुस्तक ह्यजीएसटी रिफार्म्स 2025 - वैदिक टैक्सेशन - युवा कर राहत नीतिह्न का विमोचन गत दिवस दिल्ली के प्रतिष्ठित कांस्टिट्युशन क्लब में संपन्न हुआ। इस पुस्तक के हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण साथ-साथ किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक की प्रस्तावना केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं उत्तरप्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने लिखी है एवं इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने अपनी प्रस्तावना में लिखा है कि ₹यह पुस्तक पाठकों को वैदिक कालीन कर प्रणाली से लेकर भविष्य के जीएसटी सुधारों तक की सुरुचिपूर्ण यात्रा पर ले जाती है। यह पुस्तक नई पीढ़ी एवं टैक्स विशेषज्ञों हेतु एक संदर्भग्रंथ का कार्य करेगी। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष के रूप में किशोर मकवाना, अध्यक्ष राष्ट्रीय जनजाति आयोग, श्रीमती जोराम एनिया, सदस्य, नीति आयोग (प्लानिंग कमीशन ऑफ इंडिया) एवं प्रोफ. अश्विनी महाजन, अर्थशास्त्री, जीएसटी कौंसिल के सलाहकार एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अजा आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि जीएसटी के लागू होने एवं उसके 2025 के रिफार्म्स के बाद की परिस्थितियों को यह पुस्तक सटीक प्रकट करती है। वर्तमान जीएसटी में ह्यवैदिक कराधानह्न को खोजना एवं इस संदर्भ में सुझाव देने का महत्वपूर्ण कार्य इस पुस्तक ने किया है। प्राचीन भारत की मानवीय, संवेदनशील एवं व्यावहारिक कराधान प्रक्रिया आज भी वैश्विक स्तर पर एक सर्वस्वीकार्य व सर्व हितकारी कराधान व्यवस्था है। इस पुस्तक में भारत में कुटुंब परंपरा वाले परिवारों के व्यावसायिक सिस्टम का अध्ययन, रिपोर्ट एवं भविष्य के उपयोग हेतु योजना प्रस्तुत की गई है। अरुणाचल की प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं नीति आयोग की सदस्य जोराम एनिया ने कहा कि - ₹यह पुस्तक भारत के राजनैतिक, आर्थिक एकीकरण के साथ-साथ भावनात्मक एकीकरण के बल को प्रकट करती है।

हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा

शारदीय नवरात्र नवमी पर भैंसदेही में भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही



शारदीय नवरात्र की नवमी पर मां पूर्णा की नगरी भैंसदेही में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में हवन-पूजन और महाआरती के पश्चात जगह-जगह भव्य भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नवमी के अवसर पर नगर के प्रमुख पोखरनी शारदा माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, इसके बाद महाआरती की गई। इसी तरह भगवान भोलेनाथ जी मंडल, कौड़ीढाना देवी मंदिर, मां काली मंडल देवी मोहल्ला, बाजार चौक दुर्गा मंदिर, दैय्यत बाबा चौक, घानेकर मोहल्ला शीतला माता मंदिर, बस स्टैंड जाम मोहल्ला, पूर्णा तट और बिजली विभाग प्रांगण स्थित मां काली मंदिर सहित क्षेत्र के सभी दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। सभी स्थानों पर महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। पूरे नगर में दिनभर जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। आयोजक मंडलों ने बताया कि नवरात्रि के 9 दिनों तक चले अनुष्ठान का समापन नवमी के हवन के साथ हुआ। इस दौरान शांति, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

चूल्हे पर रोटी बनाती मां जगदंबा से लेकर झूले में झूलते बाल गणेश विराजमान

मिट्टी की कुटिया में सजी आस्था की अनूठी झांकी



मिट्टी के लेप से तैयार की पूरी कुटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

नगर की मिश्रा कॉलोनी में प्रशांत उर्फ कल्लू महाराज के निवास पर मां भगवती की अनूठी झांकी श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ग्रामीण परिवेश में मिट्टी से तैयार कच्ची कुटिया, चूल्हे पर रोटी बनाती मां जगदंबा, झूले में झूलते बाल गणेश और भगवान भोलेनाथ के साथ भगवान सत्यनारायण की कथा का दृश्य इस झांकी को खास बनाता है।

धार्मिक आस्था के साथ पारंपरिक ग्रामीण जीवन की झलक प्रस्तुत करती यह कलाकृति श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। झांकी में ग्रामीण परिवार की दिनचर्या को धार्मिक प्रसंगों के साथ जोड़ा गया है। कच्ची कुटिया के भीतर ब्राह्मण द्वारा भगवान भोलेनाथ और मां जगदंबा को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाने का दृश्य बनाया गया है। वहीं, पास में बाल स्वरूप में भगवान गणेश झूले में झूलते दिखाई देते हैं। झांकी के पीछे मां भगवती की प्रतिमा चूल्हे पर रोटी बनाते हुए दिखाई गई है। रोटी बेलने से लेकर पारंपरिक चूल्हे और लालटेन तक, ग्रामीण जीवन से जुड़ी छोटी-छोटी चीजों को इस तरह सजाया गया है कि पूरा दृश्य एक पारंपरिक ग्रामीण परिवार की कुटिया जैसा प्रतीत होता है।

इस झांकी की खासियत केवल प्रतिमाएं ही नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए तैयार किया गया पूरा परिवेश है। कल्लू महाराज ने कुटिया को मिट्टी के लेप से तैयार करने सहित झांकी की संपूर्ण सजावट अपने हाथों से की है। इसे आकार देने में उन्हें एक माह से अधिक का समय लगा। ग्रामीण जीवन की बारीकियों को धार्मिक स्वरूप के साथ प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने पारंपरिक घरेलू वस्तुओं और प्राकृतिक परिवेश का विशेष ध्यान रखा है। यही वजह है कि झांकी में स्थापित प्रतिमाओं के साथ पूरी कुटिया भी आकर्षण का प्रमुख हिस्सा बनी हुई है।

हर साल अलग स्वरूप में सजाते हैं झांकी

कल्लू महाराज मां भगवती के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा के चलते हर साल अपने निवास पर झांकी सजाते हैं। वे अपनी कल्पना और कलात्मक कौशल से प्रत्येक वर्ष मां की झांकी को अलग स्वरूप देने का प्रयास करते हैं। इस कार्य में उन्हें एक से दो माह तक का समय लग जाता है। धार्मिक आस्था के साथ स्वयं मेहनत कर झांकी तैयार करना उनकी विशेष पहचान बन गया है। वर्तमान में कल्लू महाराज नगर के बड़े बजरंग मंदिर के प्रमुख पुजारी हैं।

बाल स्वरूप में विराजे भगवान भोलेनाथ, कन्याओं ने उतारी आरती



भौंरा। पटेल वार्ड स्थित पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय मंदिर में बाल स्वरूप में विराजित भगवान भोलेनाथ की मनमोहक प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। रविवार रात अष्टमी तिथि पर मंदिर में विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं ने अपने-अपने घरों से सजाकर लाई गई आरती से भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अष्टमी के अवसर पर मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल रहा। कन्याएं अपने घरों से आरती सजाकर मंदिर पहुंचीं और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी दर्शन कर पूजा-अर्चना की। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाल स्वरूप में भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा अपनी मनमोहक छवि के कारण भक्तों का ध्यान खींच रही है।

जल उठी सोने की लंका

रामलीला मंवल अशोक वाटिका में हनुमान और सीता मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

नव युवक रामलीला मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के आठवें दिन हनुमान लंका प्रसंग का ऐसा सजीव मंचन हुआ कि पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथा के अनुसार पवनपुत्र हनुमान अपने अलौकिक बल से समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं। अशोक वाटिका में अकेली बैठी माता सीता को देखकर वे पेड़ पर से श्रीराम की मुद्रिका गिरा देते हैं। मुद्रिका हाथ में आते ही सीता जी व्याकुल होकर कहती हैं - यह मुद्रिका मेरे प्रभु की है, इसे लाने वाला सामने आए। तब हनुमान जी सामने आकर हाथ जोडक़र कहते हैं - राम दूत मैं, मात जानकी। सत्य शपथ करुणा निधान की। यह सुनकर माता सीता की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वे हनुमान को अजर-अमर होने का आशीर्वाद देती हैं। हनुमान जी की भूख लगने पर वे वाटिका के फल खाने लगते हैं। राक्षसों ने रोका तो युद्ध छिड़ गया। हनुमान ने सभी राक्षसों को मार गिराया। यह समाचार सुनकर रावण ने पुत्र अक्षय कुमार को भेजा। घमासान युद्ध में अक्षय कुमार भी मारा गया। इसके बाद मेघनाद इंद्रजीत ने ब्रह्मपाश में बांधकर हनुमान को रावण के दरबार में पेश किया।

दरबार में हनुमान ने रावण को समझाया

विनाश काले विपरीत बुद्धि, जब असुरों का नाश निकट आता है तो प्रभु पहले उनकी बुद्धि हर लेते हैं। अहंकारी रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगवा दी। फिर क्या था, हनुमान ने उसी पूंछ से पूरी सोने की लंका जला दी। जाते-जाते हनुमान माता सीता से चूड़ामणि लेकर प्रभु श्रीराम को देने के लिए लौट आए। उधर अहंकार में रावण ने भाई विभीषण को लात मारकर दरबार से निकाल दिया, जब विभीषण ने सीता को लौटाने की सलाह दी।इस दिन के मुख्य आकर्षण अक्षय कुमार के रूप में बाल्या पानकर, इंद्रजीत के रूप में देवी सिंह ठाकुर और विभीषण के रूप में दलजीत मनवर रहे। वहीं सेनापति के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, शिवेंद्र सिंह किलेदार, डॉ. अभिषेक मिसर, राजा सावरकर, दिनेश पटेल, शंकर राय, सल्लू राठौर, ललित राठौर, राकेश राठौर, कपिल राठौर और अंशुल राठौर ने अपने अभिनय से दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

दुर्गा जी की आरती करने गया था परिवार, पीछे से घर में घुसकर लोहे की पेटी ले गए आरोपी

व्यापारी के घर चोरी, 40 से 50 लाख नकद ले जाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ में रविवार रात धनिया व्यापारी कृष्णा साहू के घर चोरी की घटना सामने आई है। व्यापारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति उनके बेडरूम में रखी लोहे की पेटी उठाकर ले गया, जिसमें करीब 40 से 50 लाख रुपये की नकदी रखी हुई थी। घटना के समय परिवार के सदस्य गांव में दुर्गा जी की आरती करने गए हुए थे। परिवार के लौटने पर घर का दरवाजा खुला मिला और लोहे की पेटी गायब थी। इतनी बड़ी रकम चोरी होने की सूचना से गांव में चर्चा का माहौल है। हालांकि, मुलताई पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

आरती में गया था परिवार, पीछे से हुई घटना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनिया व्यापारी कृष्णा साहू अपने चार पार्टनरों के साथ मिलकर व्यापार करते हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में उनका एक आयशर वाहन बिका था, जिसकी रकम भी घर में रखी लोहे की पेटी में रखी गई थी। रविवार रात परिवार के सदस्य गांव में दुर्गा जी की आरती करने गए थे। इसी दौरान घर में चोरी होने की बात सामने आई है। पीड़ित कृष्णा साहू के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे के रास्ते से अंदर घुसा और बेडरूम में रखी लोहे की पेटी उठाकर ले गया। पेटी में 40 से 50 लाख रुपये होने की बात कही जा रही है। हालांकि, नकदी की वास्तविक मात्रा और चोरी की परिस्थितियों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

पेटी सिर पर ले जाते व्यक्ति को देखने का दावा

घटना के संबंध में यह भी बताया जा रहा है कि कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को लोहे की पेटी सिर पर रखकर ले जाते हुए देखा था। ग्रामीणों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने कथित तौर पर बताया कि वह जाम से आ रहा है और मैहर जा रहा है। इसके बाद वह वहां से चला गया। अब पुलिस के लिए यह भी जांच का विषय है कि पेटी लेकर जाने वाला व्यक्ति कौन था, वह कहां से आया था और किस दिशा में गया। ग्रामीणों द्वारा बताए गए घटनाक्रम के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान और उसके आवागमन की जानकारी जुटाई जा सकती है।

घर लौटे तो खुला मिला दरवाजा, पेटी गायब.

परिवार के सदस्य जब दुर्गाजी की आरती कर घर लौटे, तो उन्हें घर का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखने पर बेडरूम में रखी लोहे की पेटी गायब मिली। इसके बाद परिवार को घर में चोरी होने का पता चला। पेटी में बड़ी रकम रखे होने की बात सामने आने के बाद परिवार के लोग सकते में आ गए। घटना के बाद घर में प्रवेश के रास्ते, ताले और कुंदे की स्थिति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, घर के सामने का ताला टूटा हुआ नहीं मिला, जबकि पीछे का कुंदा खुला हुआ पाया गया। इस कारण पुलिस घटना के तरीके और घर में प्रवेश किए जाने की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

पुलिस को मामला संदिग्ध हर पहलू की जांच

मुलताई थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि घटना रविवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। घर के सामने का ताला नहीं टूटा है, जबकि पीछे का कुंदा खुला मिला है। उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है और पुलिस इसकी बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों, घर में प्रवेश के संभावित रास्ते, पेटी ले जाने के दावे और कथित तौर पर उसे ले जाते हुए देखे गए व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पेटी में रखी बताई जा रही नकदी की मात्रा तथा घटना की वास्तविक परिस्थितियां भी जांच का विषय हैं।

वीआईटी यूनिवर्सिटी के पीआरओ डॉ. प्रदीप चौहान का सम्मान

सीहोर। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव पत्रकार के नेतृत्व में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पीआरओ जिले के वरिष्ठ पत्रकार तथा समाजसेवी डॉ. प्रदीप चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले एवं जिले के वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी ने शॉल श्रीफल भेट कर प्रदीप चौहान का सम्मान किया तथा प्रदीप चौहान के दीर्घायू की कामना की।

सोहागपुर में जारी है वर्षों पुरानी श्रीरामलीला का प्रभावी मंचन

श्रीराम सेतु निर्माण एवं अंगद-रावण संवाद लीलाओं का किया मंचन, लंकापति रावण ने श्रीराम की यजमानी में कराया शिवार्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा रामलीला मंच पर राम प्रसंगों पर आधारित लीलाओं का मंचन नियमित किया जा रहा है। जिसमें रविवार रात श्रीराम सेतु निर्माण एवं अंगद-रावण संवाद लीलाओं का मंचन किया गया। समिति अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि रविवार को अतिथि रूप में पूर्व नपाध्यक्षद्वय शशि मालवीय व शीतल खंडेलवाल सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद से जिलाध्यक्ष चित्रा तिवारी तथा तहसील अध्यक्ष पूनम दुबे आमंत्रित थे। अतिथियों ने महंत हरकिशन दास महाराज के सानिध्य में श्री गणेश पूजन किया। जिसके बाद मंचन प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम समुद्र किनारे श्री रामेश्वरम शिवलिंग स्थापना का पूजन किया गया। जिसमें श्रीराम यजमान बने तथा पूजन के लिए लंकापति रावण को विप्र रूप में आमंत्रित किया गया। रावण ने पूजन कराया। इसके बाद लंका दरबार में राजकुमार अंगद एवं रावण संवाद की लीला का मंचन किया गया। जिसमें पात्रों ने अद्भुत अभिनय करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। अन्य अतिथियों के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मंगल सिंह रघुवंशी, धनराज तिवारी, यशवंत साहू, जीवन दुबे, चंडीगढ़ में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत सोहागपुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी, प्रशांत संतोष मालवीय, पं. नीलेश शर्मा, दीपक साहू आदि उपस्थित थे।



कराया पात्र परिचय



लीला मंचन पूर्व पात्र परिचय कराया गया, जो नियमित अभिनय कर रहे हैं। जिनमें समर शर्मा श्रीराम का, उमेश पुरोहित लक्ष्मण का, रिषिक पांडे भरत का, हर्ष भावसार शत्रुघ्न का, अनंत पटवा सीता का, समिति अध्यक्ष अनिल जैन रावण व दशरथ का, सचिव अखिलेश मालवीय हनुमान एवं महादेव का, निपुण खंडेलवाल सुमंत व सुग्रीव का, नमन चौरसिया अंगद व गणेश का, आराध्या यश पालीवाल गणेश का, पोहपसिंह रघुवंशी विभीषण का, रमेश गिरी गुरु वशिष्ठ का, नर्मदाप्रसाद सैनी मेघनाथ का, सुनील कसेरा महामंत्री सुमंत व अन्य पात्रों का, नितिन साहू बाणासुर का, दक्ष मालवीय पिट्टू राजा व अन्य पात्रों का एवं चित्रांश, विराट कहार, कृष्णा, हर्ष कुशवाहा, कार्तिक कोरी सहयोगी पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। हारमोनियम पर संरक्षक पं. अरविंद सहारिया एवं श्याम सुंदर रावत तथा ढोलक पर प्रांजुल दीवान द्वारा संगत दी जा रही है। इसके अलावा किन्नर समाज से रागिनी, सीता आदि द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

नर्मदांचल में उल्लास के साथ मनेगा असत्य पर सत्य की जीत का पर्व 'दशहरा'

दशहरा महोत्सव आज, रावण दहन व रंगारंग आर्केस्ट्रा होंगे मुख्य आकर्षण

मंगलवार को जिले भर में दशहरा पर्व को लेकर जगह जगह आयोजन किये जा रहे है। नर्मदांचल में हर्षोल्लास के साथ दशहरा पर्व मना जाएगा। इस दिन रावण दहन होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मधुर मिलन दशहरा महोत्सव समिति सोहागपुर द्वारा आज रंगारंग कार्यक्रम किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने बताया कि बाजार में शाम सात बजे अखाड़ा प्रदर्शन से आयोजन शुरू होंगे।

चौरसिया के अनुसार रात्रि 8:30 बजे 51 फीट के रावण पुतले का दहन किया जाएगा। रात नौ बजे रानी लक्ष्मी बाई मंच पर आर्केस्ट्रा में आलाप म्यूजिकल ग्रुप भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। चौरसिया ने कहा कि जूनियर जॉनी लीवर मुख्य आकर्षण होंगे। सोमवार को व्यवस्थाओं की तैयारियों सहित रावण पुतला लगाया गया। इस दौरान मधुर मिलन दशहरा समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष मालवीय, नीरज चौधरी व यशवंत जवार सहित नव नियुक्त आकाश चौरसिया, शरद सराठे, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, अंकुश जायसवाल, कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोती, नपकर्मी संजय दुबे, एचएल परते, पीडब्ल्यूडी कर्मी दिलीप परदेशी आदि ने सहयोग किया। समिति ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। क्षेत्रवासियों को विधायक विजयपाल सिंह, नपाध्यक्ष लता पटेल, जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, कांग्रेस नगराध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, लोटस क्लब अध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल आदि ने विजयादशमी पर्व की बधाई दी है।

दशहरा मैदान में रावण दहन और राम सत्ता की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण



पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के इतवारा बाजार स्थित ऐतिहासिक दशहरा मैदान में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार सार्वजनिक रूप से रावण दहन और उसके उपरांत विशाल राम सत्ता का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को मैदान का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ और पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा ने संयुक्त रूप से दशहरा मैदान पहुंचकर तैयारियों का बारिकी से मुआयना किया। इस दौरान अधिकारियों ने रावण की प्रस्तावित ऊंचाई और उससे होने वाली दूरी, भीड़ नियंत्रण, तथा आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों को लेकर लंबी चर्चा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके और आम जनता सुरक्षित माहौल में उत्सव का आनंद ले सके। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय, थाना प्रभारी आदित्य सैनी, सेनेटरी शाखा प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक रुपेश मौर्य और यासीन खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इसके साथ ही नवदुर्गा उत्सव समिति एवं दशहरा समिति के अध्यक्ष बलराम ठाकुर, सौरभ कहार, मनोज कुमार सहित समिति के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरपालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने जिला प्रशासन को अब तक की गई तैयारियों की रूपरेखा से अवगत कराया।

रेलवे स्टेशन परिसर में पटवारी और उसके दो मासूम बेटों की संदिग्ध अवस्था में मौत

कार से मिले बच्चों के शव और पटरी पर मिला पिता का सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवारा थाना क्षेत्र और आरपीएफ थाना क्षेत्र की सीमा पर एक दिल दहला देने वाली और रहस्यमयी घटना सामने आई है। रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत ऊंटियाकिशोर हल्का में पदस्थ पटवारी और उनके दो नाबालिग बेटों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

पिता का सिर कटा हुआ शव रेलवे पटरी पर मिला, जबकि दोनों मासूम बेटों के शव उनकी ही कार के अंदर चादर से ढके हुए बरामद हुए। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

यह है पूरा घटनाक्रम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायसेन जिले की बरेली तहसील के अलीगंज गांव निवासी अजय (पिता नारायण सिंह धाकड़) वर्तमान में उदयपुरा क्षेत्र में पटवारी के पद पर पदस्थ थे और पूर्व में छातेर हल्का में भी सेवाएं दे चुके थे। रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को पटवारी अजय अपने दो नाबालिग बेटों—समर्थ (13 वर्ष) और शिवाय (11 वर्ष)—को फिल्म दिखाने के बहाने पिपरिया लेकर आए थे।प्रत्यक्षदर्शियों और पार्किंग ठेकेदार बंटी अग्रवाल के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे उन्होंने पिपरिया रेलवे स्टेशन के स्टैंड पर अपनी चार पहिया गाड़ी पार्क की और यह कहकर गए थे कि वे दो दिन बाद आएंगे। इसके बाद वे बच्चों के साथ रेलवे प्लेटफॉर्म की तरफ चले गए।

पुलिस जांच में जुटी

डॉक्टर राजकुमार पटेल के शुरुआती परीक्षण और एसडीओपी आशीष कुमार पंवार के बयान के मुताबिक, दोनों बच्चों के गले पर निशान मिले हैं और प्रथम दृष्टया उनकी मौत जीआई तार से गला घोंटने के कारण होना प्रतीत हो रही है। पुलिस और फोरेंसिक टीम हर पहलू से मामले की गहराई से जांच कर रही है कि आखिर यह आत्महत्या है या एक सुनियोजित हत्या।

पटवारी के चाचा प्रताप सिंह ने बताया कि मौत की सूचना मिलने के बाद जब परिजनों ने बच्चों की तलाश शुरू की, तब गाड़ी के भीतर उनके शव मिले। कार से मोबाइल फोन, चार्जर और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनकी कॉल डिटेल और अन्य कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना

पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा ने इस संबंध में बताया कि मामले की गंभीरता से हर एंगल पर जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने और साक्ष्य सामने आने के बाद ही इस पूरे मामले का वास्तविक खुलासा किया जा सकेगा।

मंगलवारा थाना प्रभारी आदित्य सैनी ने बताया कि गाड़ी से मिले दस्तावेजों, मोबाइल फोन और कॉल डिटेल्स की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

श्री मृत्युंजय साई सेवा समिति का 15वां स्थापना वर्षः सजेगी भगवान जगन्नाथ के रथ और मंदिर की भव्य झांकी

इटारसी। मृत्युंजय टॉकीज परिसर स्थित श्री मृत्युंजय साई सेवा समिति इस वर्ष अपना १५वाँ स्थापना वर्ष मना रही है। समिति के अध्यक्ष शम्मी जायसवाल ने बताया कि इस बार आयोजन में पुरी के प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर और उनके भव्य रथ की मनमोहक झाँकी मुख्य आकर्षण रहेगी। इस भव्य झाँकी का निर्माण और मंदिर का निर्माण प्रसिद्ध झाँकी कलाकार मोहन रैकवार द्वारा अपनी कला से किया जा रहा है। पंडाल में माँ दुर्गा देवी जी और श्री साई बाबा की दिव्य मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। अध्यक्ष शम्मी जायसवाल और समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन करें और धर्मलाभ लें।

आंखमऊ में शक्ति आराधना गरबा महोत्सव की धूम, गरबा-डांडिया पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम आंखमऊ में दो दिवसीय शक्ति आराधना गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान पूरा गांव भक्तिमय वातावरण, उत्साह और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। मां दुर्गा की आराधना के साथ शुरू हुए इस आयोजन में ग्रामीणों एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। गरबा गीतों की मधुर धुन और डांडिया की थाप पर प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान और भक्तिमय प्रस्तुतियां महोत्सव का विशेष आकर्षण रहीं।

दो दिवसीय इस महोत्सव ने ग्रामीण अंचल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति और पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उमंग और उल्लास का वातावरण बना रहा।

महोत्सव के समापन अवसर पर माननीय विधायक विजयपाल सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

देवी जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए कलाकारों को सम्मानित किया गया



पिपरिया। नगर के जय मां भवानी समिति मंगलवारा चौराहे पर बेतूल एवं पिपरिया के कलाकारों ने प्रस्तुति की देवी गीत गाए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया समिति अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर पुर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय नरेन्द्र सिंह सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण किए गए। मंगलवारा चौराहे पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी माधव दास अग्रवाल एवं सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा निशुल्क चाय का वितरण किया गया।

कस्टम हायरिंग संचालकों की बैठक आयोजित, नरवाई प्रबंधन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गत दिवस वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में कस्टम हायरिंग संचालकों की बैठक की गई। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने ऑनलाइन सेवा द्वारा बैठक में जरूरी निर्देश दिए।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य फसल कटाई पश्चात खेतों में नरवाई का अधिकतम एवं प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना था। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कस्टम हायरिंग संचालकों को निर्देशित किया कि किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए समय पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को नरवाई जलाने की अपेक्षा उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित करें। बैठक में नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र का उपयोग सुनिश्चित करने, किसानों को सुगम यंत्र उपलब्धता तथा नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

किसानों से भी की अपील

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील बर्डे ने किसानों और कस्टम हायरिंग संचालको से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नरवाई को जलाएं नहीं क्योंकि इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, लाभकारी सूक्ष्म जीव खत्म होते हैं तथा पर्यावरण को क्षति होती है। अतः किसान नरवाई का खेत में उचित प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कस्टम हायरिंग संचालकों से भी अपील की गई कि वे किसानों को नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र दें। ताकि नरवाई का वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रबंधन किया जा सके।

9 दिन तक चली आदि शक्ति मां भगवती की आराधना, सोमवार को हवन शांति के साथ हुआ विश्राम, आज मां को देंगे नम आंखों से विदाई

नर्मदांचल में दिन भर पंडालों सहित मंदिरों में हुई पूजन-अर्चना, कन्याओं को कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर और विकास खंड में पिछले नौ दिनों तक माता रानी की भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा शहर आस्था में डूबा नजर आया। इस वर्ष क्षेत्र में लगभग 75 भव्य दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नौ दिनों तक विभिन्न स्थानों पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान और आकर्षक झांकियों का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

तिथियों के खास संयोग के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और देखते ही देखते नौ दिन कैसे बीत गए, इसका पता ही नहीं चला। नवदुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ ही जगह-जगह पारंपरिक गरबा कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे शहर का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया।



शिवाजी चौराहे पर विधि-विधान से संपन्न हुआ हवन

पंचांग के अनुसार तिथियों के विशेष संयोग के चलते सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को अष्टमी और नवमी तिथि एक साथ पड़ी। इस पावन अवसर पर तहसील कार्यालय के पास स्थित शिवाजी चौराहे पर विराजमान दुर्गा प्रतिमा के समक्ष दोपहर 2 बजे से पंडित जी के सान्निध्य में भव्य हवन संपन्न कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर मां दुर्गा से नगर की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

एक तरफ जहां पूरा शहर धार्मिक उल्लास में डूबा था, वहीं दूसरी ओर मेले के नाम पर हो रही मनमानी को लेकर आम जनता में नाराजगी भी देखने को मिली। नागरिकों का आरोप है कि मेला संचालकों ने जनता को गुमराह किया और मेला ग्राउंड के नाम पर मनमाने दाम वसूले।

नवरात्रि के 9 दिन में नगर में लगा मेला, जगह-जगह हुई माता रानी की पूजी, प्रतिमाएं रहीं आकर्षण का केंद्र





माखननगर। नगर और विकास खंड में शारदीय नवरात्रि का पर्व इस वर्ष बेहद उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। पिछले नौ दिनों तक पूरा पिपरिया शहर माता रानी की भक्ति में पूरी तरह सराबोर नजर आया। इस दौरान नगर में विशेष रूप से मेला भी सजा, जहाँ शहरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने जमकर आनंद लिया।

दुर्गोत्सव समितियों ने किया कन्याभोज आयोजन



सोहागपुर। नवरात्र पर्व समापन की ओर है। महा अष्टमी पूजन उपरांत दुर्गोत्सव समितियों द्वारा कन्याभोज कार्यक्रम किए गए। सोमवार को बीएससी दुर्गोत्सव परिवार द्वारा कन्याभोज कार्यक्रम किया गया। अन्य समितियों में भी कन्याभोज आयोजन किए गए हैं।

खबर संक्षेप



नवागत कलेक्टर ने संभाला हरदा जिले का प्रभार

हरदा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2017 बैच के अनुभवी अधिकारी कुमार सत्यम ने सोमवार को हरदा जिले के नए कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचने पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले की सामान्य स्थिति की संक्षिप्त जानकारी ली। कुमार सत्यम इससे पहले मंदसौर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, ग्वालियर में अपर कलेक्टर व बालाघाट जिले के कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

हरदा। त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। रविवार को को बस स्टैंड रोड स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार से तलने में इस्तेमाल हो रहे सोया तेल का नमूना लिया गया। चंद्रशेखर खैरातीलाल किराना प्रतिष्ठान से बेसन का नमूना भी जांच के लिए लिया गया। विभाग ने दोनों नमूनों को भोपाल की खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले मौजूद रहे। स्वच्छता में कमी मिलने पर दो प्रतिष्ठानों पर जुर्माना भी लगाया गया। न्यू सब्जी मंडी स्थित मां नवशक्ति रेस्टोरेंट और छीपानेर रोड स्थित तोमर स्वीट एंड रेस्टोरेंट पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगा।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये- 25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दो माह में जिले को स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य में सैचुरेट करने का लक्ष्य

स्वामित्व रजिस्ट्री में तेजी लाएं, एसडीएम व तहसीलदार करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर कुमार सत्यम ने गूगल मीट के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर स्वामित्व रजिस्ट्रीकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाते हुए आगामी दो माह में जिले को इस कार्य में सैचुरेट करने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रभावी ढंग से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य की सघन मॉनिटरिंग करें तथा पटवारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर सत्यम ने निर्देश दिए कि स्वामित्व रजिस्ट्रीकरण अभियान की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्य में आ रही समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान को स्वामित्व रजिस्ट्रीकरण अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की

बैठक के दौरान कलेक्टर सत्यम ने जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उर्वरक के स्टॉक, ई-टोकन बुकिंग की स्थिति तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि खाद वितरण के दौरान कहीं भी अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए तथा किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति पर सतत नजर रखें और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल उचित कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। गूगल मीट में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, अनुपमा चौहान, एसडीएम हरदा शैलेंद्र बड़ोनिया, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम टिमरनी असमन राम चिरामन सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिदिन करेंगे मॉनिटरिंग



कलेक्टर सत्यम ने सोमवार को सहकारिता, कृषि एवं विपणन संघ के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिये कि जिले में खाद की उपलब्धता व बुक किये गये टोकन की संख्या एवं वितरण व्यवस्था का ब्यौरा प्रतिदिन उनके समक्ष रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में दिक्कत न हो, इस बात के लिये सभी सजग रहें। जिले के एसडीएम एवं तहसीलदार भी उर्वरक वितरण व्यवस्था पर अपनी पैनी निगरानी रखें। उन्होने कहा कि कहीं भी बगैर टोकन के उर्वरक न बिके इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में उन्होने रबी सीजन में बुआई व्यवस्था एवं फसलों की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि चिया सीड के अच्छी कीमतों को देखते हुए जिले में चिया सीड उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए।

स्वामित्व योजना में समयबद्ध कार्य हो

इसके पहले कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से चर्चा करते हुए स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के भी निर्देश दिये। उन्होने दुर्गा उत्सव एवं दशहरे के आयोजन की तैयारियों की भी राजस्व के अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही त्यौहार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

खेतों को बनाया निशाना

करताना क्षेत्र में सोलर पंप चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

करताना पुलिस चौकी क्षेत्र में किसानों के खेतों पर लगे सोलर पंप प्रोजेक्ट की वायरिंग और केबल चोरी के मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तजपुरा और करताना में लगातार दो रातों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। पुलिस आरोपियों से चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है। घटनाओं के बाद क्षेत्र के किसानों ने खेतों में लगे सोलर पंप प्रोजेक्ट की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर की रात ग्राम तजपुरा निवासी किसान प्रेमनारायण जाट के खेत में लगे सोलर पंप प्रोजेक्ट को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया।

चोर वायरिंग और केबल चोरी कर ले गए, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान हुआ। घटना की जानकारी किसान के पुत्र राहुल देदड़ जाट ने दूरभाष पर पुलिस अधीक्षक को दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तजपुरा की घटना के अगले दिन, 18 अक्टूबर की रात ग्राम करताना में भी चोरी की वारदातें सामने आईं। यहां किसान अर्जुन सिंह राजपूत, चैन सिंह ठाकुर और नारायण सिंह ठाकुर के खेतों में लगे सोलर पंप प्रोजेक्ट की वायरिंग और केबल चोरी कर ली गई। लगातार हुई घटनाओं से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

सोलर पंप प्रोजेक्ट सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनके उपकरणों को नुकसान पहुंचने और वायरिंग चोरी होने से किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की परेशानी भी उठानी पड़ सकती है। किसानों ने आशंका जताई है कि इन घटनाओं के पीछे कोई संगठित गिरोह हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। उन्होंने पुलिस से चोरी गए सामान की जल्द बरामदगी करने और यह पता लगाने की मांग की है कि वारदातों में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। फिलहाल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस चोरी गए सामान की बरामदगी और मामले के अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है

एक घंटे तक झमाझम बारिश से क्षेत्र तरबतर उत्सव की झांकियों के पंडालों में भराया पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

ग्राम सोडलपुर सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में रविवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। शाम करीब 4 बजे आसमान में बादल छाने के बाद तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो करीब एक घंटे तक जारी रहा। झमाझम बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। बारिश के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं नवरात्रि उत्सव के चलते विभिन्न स्थानों पर सजाए गए दुर्गा पंडालों में पानी भरने से व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। ग्राम में इन दिनों शारदीय नवरात्रि उत्सव की धूम है। जगह-जगह माता रानी की प्रतिमाएं विराजित हैं और पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती व गरबा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसे में अचानक हुई तेज बारिश से कई पंडालों में पानी भर गया। इससे समितियों को व्यवस्थाएं संभालने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

खुले में रखी मक्का और धान की फसल को बचाने की मशक्कत

बारिश के दौरान किसानों की चिंता भी बढ़ गई। क्षेत्र में कई किसानों की मक्का और धान की फसल खुले स्थानों पर रखी हुई थी। अचानक तेज बारिश शुरू होने से फसल भीगने का खतरा पैदा हो गया। ऐसे में किसानों ने तत्परता दिखाते हुए फसल को तिरपाल और पॉलिथीन से ढककर पानी से बचाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से खेत-खलिहान सहित पूरे क्षेत्र में पानी फैल गया। वहीं, नवरात्रि के दौरान मौसम में आए इस बदलाव से धार्मिक आयोजनों में जुटे लोगों को भी व्यवस्थाएं संभालनी पड़ीं

नवरात्रि की अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा की झांकी के पंडालों में भक्ति का माहौल रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नवरात्रि की अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा की गई। शहर के मंदिरों और दुर्गा पंडालों में भक्ति का माहौल था। भक्तों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति व कल्याण के लिए प्रार्थना की। रविवार देर रात तक कई दुर्गा उत्सव समितियों के पंडालों में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हवन में आहुतियां दीं। वैदिक मंत्रों और मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि नवरात्रि में हवन का खास महत्व है। इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा आती है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। हवन से हानिकारक जीवाणु भी नष्ट होते हैं। अष्टमी के पावन मौके पर मंदिर आयोजकों ने हवन-पूजन का कार्यक्रम रखा। इस दिन मां दुर्गा की पूजा कर सुख, शांति और समृद्धि मांगी जाती है।

निकाला फ्लैग मार्च

हरदा में दशहरे के त्योहार से पहले रविवार शाम को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इसमें सिटी कोतवाली और सिविल लाइन थाने का बल शामिल था। इसका मकसद शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना था। एसडीओपी शालिनी परस्ते के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च कंट्रोल रूम से शुरू होकर मुख्य बाजार, चौराहों और संवेदनशील इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासन ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शरारती तत्वों को कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। फ्लैग मार्च में सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती और सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

ग्वालियर हादसे से सबक, रविवार को सलकनपुर धाम में भारी भीड़, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज : सीहोर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध मां विजयासन धाम सलकनपुर इन दिनों पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। इन नौ दिनों के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ रविवार को देखने को मिली। साप्ताहिक अवकाश और अष्टमी पर्व का अद्भुत संयोग होने के कारण माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। पूरी सलकनपुर पहाड़ी जय माता दी के गूंजते जयकारों से गुलजार रही। हालांकि शनिवार-रविवार की रात ग्वालियर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस-प्रशासन ने कोई ढिलाई न बरतते हुए विशेष सतर्कता बरती और अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया।

बता दें शनिवार-रविवार की रात ग्वालियर में एक भीषण सडक़ हादसा सामने आया था, जहां एक बेकाबू ट्रक ने सडक़ किनारे चल रहे और लाइन में लगे श्रद्धालुओं को बुरी तरह रौंद दिया था। इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया था। इस दुखद हादसे से कड़ा सबक लेते हुए और सलकनपुर में रविवार को उमडऩे वाली भारी भीड़ को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।

पुलिस अमला पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाता नजर आया। बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था में सलकनपुर में 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई

माता की प्रतिमा विसर्जन, दशहरा, दीपावली त्योहार को लेकर सुझाव पर किया विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



रहटगांव तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी, रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे की मौजूदगी में थाना परिसर रहटगांव में नवरात्रि एवं आगामी पर्व दशहरा और दीपावली को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शांति समिति के ग्राम पंचायत नजरपुरा एवं रहटगांव के एवं मगरधा के गणमान्य सदस्य, त्योहार समिति सदस्य मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से माताजी विसर्जन, दशहरा, दीपावली सहित अन्य त्योहार को लेकर सुझाव रखे गए एवं पंचायत में साफ-सफाई के संबंध में लोगों ने अपने सुझाव दिए। वहीं तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया कि आगामी त्योहार शांति एवं सद्भावना के साथ मनाएं। सभी झांकियां विसर्जन के दौरान डीजे की परमिशन लेकर ही चलाएं और बेस सीमित मात्रा में रखें। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि आगामी पर्व की सभी को हार्दिक बधाई एवं त्योहार हंसी-खुशी और उत्साह से मनाएं और शासन के निर्देशन का पालन करें, सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

प्राचीन जगदीश मंदिर के सामने बने शौचालय को हटाने की मांग

श्रद्धालुओं को बदबू से हो रही परेशानी, स्वच्छता को ध्यान में रखकर उचित कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के छावनी क्षेत्र में स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के सामने बने शौचालय को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि शौचालय से आने वाली दुर्गंध के कारण मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शौचालय को मंदिर के सामने से हटाने की मांग की है। श्रद्धालुओं के अनुसार, प्राचीन जगदीश मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मंदिर शहर के मध्य स्थित है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर के सामने शौचालय होने से स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि मंदिर की गरिमा और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

मंदिर परिसर में परमार समाज द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की धार्मिक महत्ता और यहां आने वाले भक्तों की संख्या को देखते हुए आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना आवश्यक है। शौचालय को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी दूर हो सकती है। प्राचीन जगदीश मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

ऐसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर के आसपास स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था का विशेष महत्व रहता है। श्रद्धालुओं ने संबंधित जिम्मेदारों से मांग की है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शौचालय को मंदिर के सामने से हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मंदिर आने वाले भक्तों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

80 वर्ष की आयु पूरी होते ही मिले अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभ : केएल बैरागी

सीहोर। प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर वरिष्ठ पेंशनरों को 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने के प्रथम माह से अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी शासन द्वारा भुगतान संबंधी आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने में देरी हो रही है। बैरागी ने पत्र में उल्लेख किया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में उच्च न्यायालय जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रकरण में दायर एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने 20 मार्च 2025 को निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद वरिष्ठ पेंशनरों को उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को उनके देय पेंशन लाभ से वंचित रखना उचित नहीं है। शासन को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेते हुए 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने के प्रथम माह से अतिरिक्त पेंशन वृद्धि के भुगतान के आदेश जारी करना चाहिए। बैरागी ने मुख्य सचिव से आग्रह किया है कि समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लंबित मामले में जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि पेंशनरों को न्यायालय के निर्णय के अनुरूप उनका अधिकार मिल सके।